Fuelling Sustainable Growth

अंक : 609 वर्ष 45 राँची, अक्टूबर, 2024

# अपनी बात

## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका



# कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री सतीश चंद्र दुबे ने किया कोनार सीएचपी एवं कारो सीएचपी का शिलान्यास



बी एंड के क्षेत्र के कारो एवं कोनार सीएचपी का शिलान्यास करते माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे, माननीय सांसद, गिरिडीह श्री चंद्र प्रकाश चौधरी, माननीय विधायक, बेरमो श्री कुमार जयमंगल, अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री पी. एम. प्रसाद, सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (सं) श्री हरीश दुहान, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री सतीश झा

कोयला एवं खान राज्य मंत्री, श्री सतीश चंद्र दुबे झारखंड के तीन दिवसीय दौरे के तहत 04 अक्टुबर को राँची पहुँचे।

अपने प्रवास के दौरान माननीय श्री दुबे झारखंड में कोयला एवं खनन क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिए। पहले दिन वे सीएमपीडीआईएल के अधिकारियों के साथ चल रही परियोजनाओं का आकलन करने और भविष्य की पहलों पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

दूसरे दिन मंत्री जी ने घाटशिला में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का दौरा की, जहाँ उन्होंने क्षेत्र में खनन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए परिचालन रणनीतियों और विकास योजनाओं पर चर्चा की।

यात्रा के तीसरे दिन माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने सीसीएल के बोकारो एवं करगली क्षेत्र में कारो कोल हैंडलिंग प्लांट एवं कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट का शिलान्यास किया। इन दोनों परियोजनाओं की क्षमता क्रमशः 7 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं 5 मिलियन टन प्रतिवर्ष है। अवसर विशेष पर माननीय सांसद, गिरिडीह, श्री चंद्र प्रकाश चौधरी, माननीय विधायक, बेरमो, श्री कुमार जयमंगल (अनूप सिंह), कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद, सीएमडी सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री सतीश झा एवं श्रमिकसंघों के प्रतिनिधिगण, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। माननीय मंत्री श्री दुबे ने कोनार परियोजना के शिलान्यास के क्रम में पौधरोपण भी किया।



पौधारोपण करते माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे

फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में ये दोनों कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा जिसके तहत कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाने की व्यवस्था की जायेगी, जहां से इसे देश भर के ताप विद्युत संयंत्रों तथा अन्य उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। वर्तमान में, इन खानों से कोयला टिपर द्वारा सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है।

### कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट

इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, 10000 टन क्षमता के कोयला भंडारण बंकर और 1.6 किमी लंबा कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को 1000 टन भंडारण क्षमता के साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। 5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की इस परियोजना की लागत 322 करोड़ रू. है। इसके परियोजना के प्रारंभ होने से वर्तमान रेक लोडिंग समय 5 घंटे से घटकर 1 घंटा हो जाएगा। जिसे कोयल प्रेषण में तेजी आएगी और रेक की उपलब्धता बढ़ेगी।

### कारो कोल हैंडलिंग प्लांट

इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, 15000 टन क्षमता के कोयला भंडारण बंकर और 1 किमी लंबा कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को 4000 टन भंडारण क्षमता के साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। 7 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की इस परियोजना की लागत 410 करोड़ रू. है।इसके परियोजना के प्रारंभ होने से वर्तमान रेक लोडिंग समय 5 घंटे से घटकर 1 घंटा हो जाएगा। जिसे कोयल प्रेषण में तेजी आएगी।

ये एक क्लोज्ड–लूप, पूर्ण यंत्रीकृत प्रणाली है जो सड़क द्वारा परिवहन को समाप्त करके कोयले के प्रेषण में तेजी और दक्षता लाएगी और इस प्रकार से डीजल की खपत न्यूनीकृत करेगी। इस परियोजना के आरंभ होने पर धूल और वाहन जनित प्रदूषण कम होगा, जिससे क्षेत्र के पर्यावरण में गुणात्मक सुधार होगा।

# सीसीएल में मनाई गई महात्मा गांधी जयंती

## सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। अवसर विशेष पर सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, कर्मी एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित थे। उपस्थित सभी ने बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर अर्पित करते सीसीएल सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह साथ में निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं निदेशक (तक./संचा.) श्री हरीश दुहान

सीएमडी श्री सिंह ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जीवन एक प्रेरणा है। उनके विचारों और कार्यों से हम सभी को सीखना चाहिए। उनके बताए हुए मूल्य : सादगी, सत्य एवं अहिंसा को सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सादगी और करुणा के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि हम सभी उनके "जय जवान, जय किसान" के नारा को सार्थक बनायें और राष्ट्र सेवा की शपथ लेते हुए उनके सपनों को साकार करें।

इस कार्यक्रम के दौरान सीसीएल के स्वच्छता मित्र भी उपस्थित थे। उनके बीच जूट बैग, जूते, टी–शर्ट, दस्ताने, सैनिटाइजर और मिठाई वितरित की गई। श्री सिंह ने सीसीएल परिसर को साफ–सुथरा रखने में उनके योगदान के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।




गांधी जयंती के अवसर पर सफाई मित्रों के साथ सीसीएल सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तक./संचा.) श्री हरीश दुहान एवं अन्य अधिकारीगण

ज्ञात हो कि 02 अक्टुबर को भारत सरकार द्वारा संचालित : स्वच्छता ही सेवा अभियान का अंतिम दिवस भी था। यह स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर 2024 से आरंभ हुआ था, जिसका 02 अक्टूबर 2024 को अंतिम दिन था। इस दौरान मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर विभिन्न सिटिजन सेंट्रिक जगह की सफाई की गई।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत सतर्कता महोत्सव : 'फेस्टिवल डी सीसीएल' आयोजित

28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2024 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव 'फेस्टिवल डी सीसीएल' का 28 अक्टूबर को भव्य उद्घाटन हुआ। इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन ) श्री हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।



उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर 'फेस्टिवल डी सीसीएल' कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएमडी सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री हरीश दुहान एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमडी सीसीएल द्वारा सभी उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया गया। इसके बाद, सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हमारे पेशेवर जीवन में सतर्क रहना क्यों आवश्यक है, और इस वर्ष की थीम "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति" पर भी अपने विचार साझा किए। श्री कुमार ने कहा कि सत्यनिष्ठा का पालन न केवल संगठन बल्कि पूरे देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।


सतर्कता रैली में भाग लेते सीएमडी, सीसीएल, निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा बड़ी संख्या में अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण

सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने भी इस मौके पर ईमानदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके पश्चात उन्होंने ई–प्लेज बूथ का उद्घाटन किया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ ड्रोन द्वारा किया। सीएमडी सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा।

समारोह में सभी गणमान्य अतिथियों ने लाइव पेंटिंग कलाकारों के साथ बातचीत की। ये कलाकार महोत्सव के तीनों दिनों में लाइव पेंटिंग प्रस्तुत किए, जिसमें वे भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता और ईमानदारी को बढ़ावा देने वाले विषयों पर अपनी कला को प्रदर्शित किए।



'फेस्टिवल डी सीसीएल' के दौरान गुब्बारे उड़ाते हुए सीएमडी, सीसीएल, निदेशकगण एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी

इसके बाद सतर्कता जागरूकता रैली में सीसीएल के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस रैली के माध्यम से सभी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश दिया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें जनजातीय नृत्य, गणेश वंदना नृत्य और "विविधता में एकता" नृत्य का प्रदर्शन किया गया। सीसीएल की एक कर्मचारी ने अपने मधुर स्वर में गणेश वंदना गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त भ्रष्टाचार की रोकथाम पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी हुआ, जिसने सभी दर्शकों को जागरूकता का संदेश दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इनमें 'स्ट्रीट पेंटिंग' प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों ने 'भ्रष्टाचार को ना कहें' और 'ईमानदारी को बढ़ावा दें' जैसे विषयों पर अपनी अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इनमें 'स्ट्रीट पेंटिंग' प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें विभिन्न

प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों ने 'भ्रष्टाचार को ना कहें' और 'ईमानदारी को बढ़ावा दें' जैसे विषयों पर अपनी अद्भुत पेंटिंग्स प्रस्तुत की। इन युवाओं ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उकेरा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपनी अद्भुत रचनाओं से सभी का दिल जीत लिया। दर्शकों ने छात्रों की इस अद्वितीय रचनात्मकता की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

इसके बाद, एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने देशभक्ति, सामाजिक संदेश और राष्ट्रवाद जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं। उनकी प्रस्तुति ने सभी को अभिभूत कर दिया। इसके साथ ही, समूह बैंड ने अपनी संगीत और ताल की अनूठी प्रस्तुति से एक अनोखा माहौल बना दिया, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के इस महोत्सव का उद्देश्य सभी को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था। सतर्कता महोत्सव के अंतर्गत आयोजित की गई ये विभिन्न गतिविधियाँ न केवल सीसीएल के कर्मचारियों बल्कि सभी आगंतुकों के लिए एक नई जागरूकता का संचार की।

29 अक्टूबर यानी 'फेस्टिवल डी सीसीएल' का दूसरा दिन सीसीएल मुख्यालय के प्रांगण में हर्षो–उल्लास के साथ मनाई गयी, जिसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व पर प्रकाश डाला गया ।

इस मौके पर सीसीएल के सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सभी को प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों के रचनात्मकता की तारीफ भी की। इस वर्ष की थीम "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति" पर भी अपने विचार साझा किए।

अवसर विशेष पर मनमोहक एकल गीत, समूह नृत्य और ग्रुप बैंड, जिसमें प्रतिभागी भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता, देशभक्ति, सामा. जिक संदेश और ईमानदारी को बढ़ावा देने वाले विषयों पर प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में 'नारी शक्ति वंदन : पिंक ऑवर्स' का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सीसीएल की प्रथम महिला और अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा, श्रीमती प्रीति सिंह ने की। इस अवसर पर श्रीमती शशि दुहान, श्रीमती रूपा रानी, और अर्पिता महिला मंडल के अन्य सदस्या उप. स्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति को सम्मानित करना था। अवसर विशेष पर कार्यालयीन कार्यों के अतिरिक्त एथलेटिक्स में प्रदर्शन के लिए मुख्यालय की लक्ष्मी उरांव एवं एन.के. क्षेत्र की ललिता कुमारी को सम्मानित किया गया। पुरुष प्रधान माने जाने वाले ड्रिल एवं ब्लास्टिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रजरप्पा क्षेत्र की ड्रिल ऑपरेटर लक्ष्मी मिश्रा एवं रजरप्पा क्षेत्र के कांति कुमारी को भी सम्मानित किया गया।

दैनिक जीवन में सतर्कता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। संगीत, नृत्य और कला के माध्यम से, आयोजकों का उद्देश्य व्यक्तियों को ईमानदार और पारदर्शी व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें रचनात्मक 'पॉट पेंटिंग' प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों ने 'भ्रष्टाचार को ना कहें' और 'ईमानदारी को बढ़ावा दें' जैसे विषयों पर अपनी अद्भुत पेंटिंग्स प्रस्तुत की। क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के छात्रों ने इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि सतर्कता और नैतिक आचरण का संदेश भी प्रभावी ढंग से दिया।

30 अक्टूबर यानी 'फेस्टिवल डी सीसीएल' का तीसरा और अंतिम दिन सीसीएल मुख्यालय के प्रांगण में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ईमानदारी पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व पर आधारित था।

इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें रचनात्मक फेस पेंटिंग, स्ट्रीट पेंटिंग, मनमोहक एकल गीत, समूह नृत्य, लाइव पेंटिंग और ग्रुप बैंड, पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों ने 'भ्रष्टाचार को ना कहें' और 'ईमानदारी को बढ़ावा दें' जैसे विषयों पर अपनी अद्भुत कला प्रस्तुत की। क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के छात्रों ने इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि सतर्कता और नैतिक आचरण का संदेश भी प्रभावी ढंग से दिया। लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता में देश के अलग–अलग प्रमुख कलाकार ने हिस्सा लिया जैसे वाराणसी, कोलकाता, रामगढ़, राँची, हजारीबाग इत्यादि।

उक्त प्रतिभाशाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह में सीवीओ श्री पंकज कुमार और निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्रा ने पुरस्कृत किया, जिन्होंने पिछले तीन दिनों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया था, जिसमें एकल गीत, पॉट पेंटिंग, समूह नृत्य और ग्रुप बैंड आदि शामिल थे। इस मौके पर सीसीएल के सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सभी को प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों के रचनात्मकता की तारीफ भी किया साथ ही इस वर्ष की थीम "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति" पर भी अपने विचार साझा किए।

दैनिक जीवन में सतर्कता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जनजातीय नृत्य, गणेश वंदना, नृत्य और "विविधता में एकता" नृत्य संगीत, नृत्य और कला के माध्यम से, आयोजकों का उद्देश्य व्यक्तियों को ईमानदार और पारदर्शी व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

गौरतलब हो कि 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2024 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव 'फेस्टिवल डी सीसीएल' तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य सभी को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था। सतर्कता महोत्सव के अंतर्गत आयोजित की जा रही ये विभिन्न गतिविधियाँ न केवल सीसीएल के कर्मचारियों बल्कि सभी आगंतुकों के लिए एक नई जागरूकता का संचार किया।

# 'फेस्टिवल डी सीसीएल' की झलकियाँ



















# सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में सिमेकॉन 2024 आयोजित

## सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

## शोध पत्र प्रस्तुति के लिए चिकित्सकों को किया गया पुरस्कृत




दीप प्रज्ज्वलित कर सिमेकॉन 2024 का उद्घाटन करते सीएमडी सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तक./संचालन) श्री हरीश दुहान, निदेशक (तक./योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा, सीवीओ श्री पंकज कुमार, सर्वोदय ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता एवं अन्य गणमान्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 आयोजित की गई। यह सम्मेलन 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक चला। कॉन्फ्रेंस का विषय "स्वास्थ्य प्राथमिकताएँ – वर्तमान और भविष्य" था। इस आयोजन में देश–विदेश के 15 से अधिक प्रख्यात वक्ता शामिल हुए और कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी सहायक कंपनियों के लगभग 250 डॉक्टर इस सम्मेलन में भाग लिए।

समारोह का उद्घाटन सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार और सर्वोदय ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।

अपने संबोधन में, श्री निलेंदु कुमार सिंह ने समाज में डॉक्टरों के योगदान को रेखांकित किया और कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन ज्ञानवर्धन एवं जानकारी के प्रसार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस मंच से सभी डॉक्टर अपने सहकर्मियों के अनुभवों से सीख सकते हैं और नए चिकित्सा नवाचारों से परिचित हो सकते हैं। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने इस कार्यक्रम और सम्मेलन के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में कोल इंडिया और सीसीएल के कई महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में डॉक्टर मौजूद रहे। कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 का उद्देश्य कोल इंडिया की चिकित्सा समुदाय के अनुभवी चिकित्सकों के लिए एक साझा मंच तैयार करना, स्वास्थ्य क्षेत्र में नवीनतम प्रगति के प्रति जागरूक करना और अपने डॉक्टरों की जानकारी में वृद्धि करना है, ताकि वे अपनी सेवाओं के माध्यम से कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकें।

अवसर विशेष पर गांधीनगर अस्पताल के डॉ. राजकुमार गणमान्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन की मंच संचालन मेजर शिल्पी और डॉ. तनीषा द्वारा की गई एवं डॉ. अशुतोष पांडे ने ध न्यवाद ज्ञापन किया। आज के कार्यक्रम का समापन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को मनोरंजन के साथ एक खुशनुमा अनुभव प्रदान किया।

इस सम्मेलन के मुख्य आकर्षणों में कोलकाता, दिल्ली, गुरुग्राम, हैदराबाद, फरीदाबाद आदि के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सकों के व्याख्यान शामिल थे, जिनमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एण्ड बिलीयरी साइन्सेज नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और संकाय शामिल थे।

मैक्स अस्पताल, साकेत, नई दिल्ली के डॉ संजय सचदेवा, राँची के एक प्रसिद्ध एंडोक्राइनॉलॉजिस्ट डॉ अंकित श्रीवास्तव, मेदांता अस्पताल, गुड़गाँव के पद्मश्री डॉ रणदीप गुलेरिया, इंस्टिट्यूट ऑफ

लिवर एण्ड बिलीयरी साइन्सेज, नई दिल्ली के पद्मभूषण डॉ एस के सरीन, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, फरीदाबाद के पद्मश्री डॉ. एनके पांडे, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के पद्मश्री डॉ जे एस तीतीयाल एक प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ, सैमफोर्ड अस्पताल, राँची के डॉ प्रणव कुमार मण्डल, अकॉर्ड अस्पताल, फरीदाबाद के डॉ युवराज कुमार, मेदांता अस्पताल, राँची के डॉ तापस साहू, सर्वोदय कैंसर संस्थान के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ दिनेश पेंढ़ारकर, इंस्टिचयूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज, कोलकाता के डॉ हृषिकेश कुमार, आईपीजीएमईआर एसएसकेएम अस्पताल, कोलकाता के डॉ प्रद्योत सिन्हा महापात्रा, जैसे चिकित्सकों ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया।

विशेष आकर्षण के रूप में, देश के चार प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर अपने गहन अनुभव और योगदान को साझा किए :

1. **पद्म भूषण डॉ. एस. के. सरीन –** निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज, नई दिल्ली।

   डॉ. सरीन हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में विशेष रूप से लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस बी और सी और लिवर ट्रांसप्लांटेशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने भारत में लिवर केयर को उन्नत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

2. **पद्मश्री डॉ. एन. के. पांडे –** चेयरमैन और मैनेजिंग डाय. रेक्टर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, फरीदाबाद।

   डॉ. पांडे भारत में न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी माने जाते हैं। उन्होंने भारत में लैप्रोस्कोपिक और एंडोस्कोपिक सर्जरी तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

3. **पद्मश्री डॉ. रणदीप गुलेरिया –** पूर्व निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।

   वर्तमान में मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में इंटरनल मेडिसिन और रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन के चेयरमैन हैं। कोविड–19 महामारी के दौरान, डॉ. गुलेरिया एक प्रमुख सलाहकार थे और उन्होंने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

4. **पद्मश्री डॉ. जे. एस. टिटियाल –** मुख्य, डॉ. आर.पी. सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज, नई दिल्ली।

   डॉ. टिटियाल ने मोतियाबिंद सर्जरी, कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन और रिफ्रैक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

26 और 27 अक्तूबर को कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों के डॉक्टरों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न श्रेणियों में कुल 49 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। जिसमे फ्री पेपर – 06 प्रविष्टि, केस प्रेजन्टैशन – 25 प्रविष्टि, चेयरमैन अवॉर्ड – 06 प्रविष्टि, डीएनबी सेशन – 12 प्रविष्टि चयनित हुए थे ।

डीएनबी श्रेणी में पहला पुरस्कार डॉ. सिखा भारद्वाज, दूसरा डॉ. विकसित जयपुरियार, तीसरा डॉ. महेश धनगर को दिया गया।

फ्री पेपर में प्रथम पुरस्कार डॉ. गौरव कुमार और दूसरा पुरस्कार डॉ. पायल वैद्य को दिया गया।

चेयरमैन्स अवॉर्ड में प्रथम पुरस्कार डॉ. नीता प्रकाश और कंसोलेशन प्राइज डॉ. रितेश काले को दिया गया।

केस रिपोर्ट की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार डॉ. श्री देवी दास, द्वितीय पुरस्कार डॉ. नेहा रानी और डॉ. खुशबू शरण को मिला जबकि तीसरे स्थान पर डॉ. मोहना मंडल और कंसोलेशन प्राइज डॉ मोहम्मद शाहिद कादरी को दिया गया।

डॉ. भरत सिंह ने समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं विषय विशेषज्ञों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



सिमेकॉन 2024 के समापन समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित देश के ख्याति प्राप्त चिकित्सकगण

# सीसीएल की चार खुली खदान प्रतिष्ठित 5–स्टार रेटिंग से पुरस्कृत

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की चार खुली खदानों – मगध, अम्रपाली, नॉर्थ उरीमारी, और अशोका को 'कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार' के भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 5–स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार माननीय कोयला और खान मंत्री, भारत सरकार, श्री जी. किशन रेड्डी और माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा, कोयला सचिव श्री विक्रम देव दत्त, कोयला मंत्रालय की अपर सचिव श्रीमति विस्मिता तेज, श्रीमति रूपिन्दर बरार, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, सीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री  सतीश झा, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री हरीश दुहान और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

5–स्टार रेटिंग इन खदानों द्वारा स्थायी खनन प्रथाओं, पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन और सामाजिक और आर्थिक विकास में उनके योगदान की उत्कृष्टता को दर्शाती है। यह मान्यता सीसीएल की जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्धता और पर्यावरणीय संरक्षण एवं समुदाय कल्याण को प्राथमिकता देने की दिशा में उसके प्रयासों का प्रमाण है।

इस अवसर पर, माननीय कोयला मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने सीसीएल के प्रयासों की सराहना की और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा के लिए स्थायी खनन प्रथाओं के महत्व पर बल दिया। माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे ने कोयला खनन में नवीनता और सर्वोत्तम प्रथाओं की भूमिका पर जोर दिया, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और कार्यक्षमता अधिकतम हो।

सीएमडी सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया और संचालन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ–साथ पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारी के उच्चतम मानकों का पालन करने की सीसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया।

यह पुरस्कार  सीसीएल की स्थायी खनन की दिशा में जारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह  देश के ऊर्जा सुरक्षा मे सीसीएल के योगदान को रेखांकित करता है ।







माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे से पुरस्कार प्राप्त करते सीसीएल सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह।
साथ में सीआईएल अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगण एव अन्य गणमान्य

# नवनियुक्त कर्मियों के लिए बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में नवनियुक्त कैटेगरी 1 कर्मचारियों में कार्य कुशलता एवं क्षमता वृद्धि करने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा सिस्टम विभाग के सहयोग से पाँच दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन 30 सितंबर 2024 से 5 अक्टूबर 2024 तक किया गया। यह प्रशिक्षण सिस्टम विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया और इससे मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए 19 कैटेगरी 1 के कर्मचारी लाभान्वित हुए। दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को मानव संसाधन विभाग के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित समाप्ति सत्र में सभी कर्मचारियों को श्री रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास द्वारा संबोधित किया गया और उन्हें अपने कार्यस्थल पर निरंतर आगे बढ़ते और प्रगतिशील रहने के लिए प्रेरित किया गया। सभी प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। समाप्ति सत्र का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री चन्द्र शेखर प्रसाद सिंह, प्रबंधक (खनन), मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा किया गया जिसमें विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।



# विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत शिकायत निवारण शिविर आयोजित

मगध–संघमित्रा क्षेत्र में मगध–संघमित्रा, आम्रपाली–चंद्रगुप्ता, एनके, पिपरवार एवं रजहरा क्षेत्र के कर्मचारियों एवं हितधारकों के लिए विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत 10 अक्टुबर को शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। सभी क्षेत्रों से कुल 31 शिकायतें दर्ज की गईं।



#स्पेशल कैम्पेन 4.0 के अंतर्गत आयोजित शिकायत निवारण शिविर का एक दृश्य

सभी शिकायतों में से अधिकांश शिकायतें क्वार्टर रखरखाव, पीएफ एवं पेंशन दावों के निपटान से संबंधित थीं, जबकि अन्य विभिन्न सेवा–संबंधी मामलों से संबंधित थीं। अधिकांश मामलों का या तो समाधान कर दिया गया या सभी अभ्यर्थियों को उनकी शिकायतों का समयबद्ध एवं विशिष्ट समाधान सुनिश्चित किया गया, जो उन्हें दिए गए उत्तर से संतुष्ट थे।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीसीएमसी) श्री एन.के. झा, मुख्य प्रबंधक (पी), समाधान प्रकोष्ठ, यूनियन प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में कर्मचारीगण और हितधारक उपस्थित थे। सभी कर्मचारियों, यूनियन प्रतिनिधियों और हितधारकों ने शिकायत निवारण शिविर की पहल का स्वागत किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जीएम (माइनिंग)/एसओ (माइनिंग), मगध संघमित्रा श्री नवीन कुमार ने सीसीएल मुख्यालय के प्रतिनिधियों एवं सदन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।धन्यवाद ज्ञापन मगध–संघमित्रा क्षेत्र के उप प्रबंधक (पी) श्री अभिषेक आनंद ने किया।

# सीएमडी सीसीएल ने गांधीनगर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया

सीसीएल ने गांधीनगर कॉलोनी में भव्य दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन के साथ दुर्गा पूजा के शुभ अवसर का उत्सव मनाया। कला और भक्ति का एक उत्कृष्ट कृति, पंडाल का उद्घाटन सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया।





निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संच. ालन) श्री हरीश दुहान एवं विभागाध्यक्ष (सीसी एंड पीआर) श्री आलोक कुमार इस अवसर विशेष पर उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी और आम जनमानस भी उपस्थित थे।

श्री सिंह ने सीसीएल परिवार और सभी उपस्थित लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने दुर्गा पूजा के महत्व पर जोर दिया, जो बुराई पर अच्छाई की विजय और दिव्य स्त्रीत्व का उत्सव है। उन्होंने कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने में ऐसे सामुदायिक आयोजनों की परंपरा को भी सराहा।

विगत कई वर्षों से गांधीनगर कॉलोनी की हर साल एक सुंदर दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित करने की परंपरा रही है, जो यहाँ के निवासियों के बीच सामुदायिक भावना और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देता है। खूबसूरत सजावट, रंगीन रोशनी और माँ दुर्गा के प्रतिमाओं से सजा पंडाल, देखने लायक होता है। यह पंडाल श्रद्धालुओं को दुर्गा पूजा का त्योहार मनाने एवं एक दूसरे के साथ मिलने के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करता है।

# जन आरोग्य केंद्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

15 अक्टूबर को जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा राँची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में एक निःशुल्क श्वसन तंत्र (रेस्पिरेटरी सिस्टम) जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 40 वृद्धों की जाँच की गयी और उन्हें चिकित्सीय सलाह एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा भी दी गई। आश्रम में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं हाइपरटेंशन का निःशुल्क जाँच किया गया।



आदर्श वृद्धाश्रम, पिस्का नगड़ी में जन आरोग्य केंद्र द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का एक दृश्य

ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ–साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय–समय पर करते रहती है।

# एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग ने 16 अक्टुबर को साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री पंकज कुमार, सीवीओ, सीसीएल, श्री ए.के. सिंह, महाप्रबंधक (सतर्कता), और श्री सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (सिस्टम) की उपस्थिति में किया गया। सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं श्री सुरेश बेहरा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए एक उत्पादक और इंटरैक्टिव सत्र की शुभकामनाएँ दीं।



क्षमता निर्माण कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा पर प्रतिभागियों से चर्चा करते मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार

सत्र में डिजिटल साक्षरता जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई जिसमें यह समझाया गया कि हम ऑनलाइन कितने सुरक्षित हैं, विभिन्न इंटरनेट साइटों पर नेविगेट करते समय क्या करें और क्या न करें, साइबर सुरक्षा के स्तंभ (गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता) और एक मजबूत साइबर को बढ़ावा देने के महत्व पर सुरक्षा संस्कृति का निर्माण कैसे करें।



प्रतिभागियों के साथ उपस्थित मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार

यह कार्यक्रम अत्यधिक लाभकारी साबित हुआ, जो पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों तरह से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने के साथ–साथ प्रतिभागियों को खुद को और अपने संगठनों को साइबर खतरों से बचाने के लिए आवश्यक ज्ञान से लैस किया।

ज्ञात हो कि यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम सीसीएल में चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया था। सीसीएल द्वारा इस अभियान के तहत मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर आयोजित

विशेष अभियान 4.0 के तहत ढोरी क्षेत्र में 16 अक्टूबर 2024 को सुबह 11.00 बजे एक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ढोरी, बीएंडके, कथारा और गिरिडीह क्षेत्रों के कर्मचारियों और हितधारकों की शिकायतों का संयुक्त रूप से निवारण किया गया।




शिविर का आयोजन ढोरी क्षेत्र में हुआ, जहाँ ढोरी, कथारा, बीएंडके और गिरिडीह से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुना गया और उनका समाधान करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर श्री एन.सी. झा, महाप्रबंधक सीएमसी, श्री ए.के. मलिक, मुख्य प्रबंधक (पी) समाधान, श्री रंजय सिन्हा, जीएम ढोरी के साथ साथ ढोरी, बीएंडके, कथारा के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा, यूनियन प्रतिनिधि और मीडिया कर्मी भी शिविर में उपस्थित रहे ।




यह शिकायत निवारण शिविर सीसीएल के स्पेशल कैंपेन 4.0 का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और हितधारकों को शिकायत निवारण प्रक्रिया एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। यह पहल सीसीएल की अपने कर्मचारियों और हितधारकों के प्रति उत्तरदायित्व और एक स्वस्थ, सक्रिय एवं प्रभावी कार्य वातावरण को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# 'सतर्कता जागरूकता अभियान 2024' के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया उत्साह

'सतर्कता जागरूकता अभियान 2024' के तहत सीसीएल के लाल और सीसीएल की लाडली शिक्षा केंद्र के छात्रों के बीच 17 अक्टुबर को भाषण, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। छात्रों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे आयोजन सफल रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रतिभागियों द्वारा 'सत्यनिष्ठा शपथ' लेने से हुई, जिसमें सत्य, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संकल्प लिया गया। इसके बाद, विभिन्न प्रतियोगिताओं में 40 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों की आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और सतर्कता से संबंधित सामाजिक मुद्दों की समझ को बढ़ावा देना था।

भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने सतर्कता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि चित्रकला प्रतियोगिता ने छात्रों को सतर्कता अभियान के मूल्यों को कलात्मक रूप से प्रस्तुत करने का मौका दिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने छात्रों की जानकारी और सतर्कता के विषय में उनकी समझ को और अधिक परखा गया।



सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के तहत सीसीएल के लाल और लाडली शिक्षा केंद्र में चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागियाँ

'सतर्कता जागरूकता अभियान 2024' के तहत आयोजित यह कार्यक्रम सीसीएल के बड़े प्रयास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों में नैतिक जिम्मेदारी और जागरूकता का विकास करना है। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से शिक्षा और रचनात्मकता को मिलाकर, अभियान का लक्ष्य सतर्कता और नैतिकता की भावना को युवाओं में मजबूत करना है।

उपस्थित सभी ने छात्रों के समर्पण और रचनात्मकता की सराहना की।

# सतर्कता जागरूकता अभियान – 2024 के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

18 अक्टुबर को सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान – 2024 के अंतर्गत मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार जी के मार्गदर्शन में डी.ए.वी. गांधीनगर में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में कुल 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने सतर्कता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने छात्रों की जानकारी और सतर्कता के विषय में उनकी समझ को और अधिक परखा गया।

ज्ञात हो कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह–24 के शुरू होने से पहले सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा 17 अक्टूबर, 2024 से 26 अक्टूबर, 2024 तक राँची स्थित विद्यालयों में अभियान की पहुँच बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।



सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के तहत डीएवी, गांधीनगर में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागियाँ

# "संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाओं" विषय पर सीसीएल में एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

## 'आई गॉट कर्मयोगी' प्लेटफॉर्म के विषय में कर्मियों को जागरूक किया गया

19 अक्टूबर 2024 को एचआरडी सीसीएल ने सतर्कता विभाग, सीसीएल के सहयोग से "संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाओं" पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्री एस.के. ठाकुर, जीएम (ईई) और श्री ए.के. सिंह, महाप्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित थे, जिन्होंने विषय विशेष पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री आर.के. पांडे, महाप्रबंधक (एचआरडी) ने कार्यक्रम के उद्देश्यों का संक्षिप्त विवरण देते हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।




"संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाओं" पर आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में गणमान्यों के साथ प्रतिभागीगण

श्री एस.के. ठाकुर, जिन्होंने सत्र के लिए संकाय के रूप में कार्य किया, ने अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए, जिससे सत्र अत्यधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बन गया।

कार्यक्रम के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया 'आई गॉट कर्मयोगी' प्लेटफॉर्म प्रतिभागियों को प्रदर्शित किया गया जिससे कार्यक्रम में महत्वपूर्ण मूल्य जुड़ गया।

ज्ञात हो कि 'आई गॉट कर्मयोगी' भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया एक ई–लर्निंग है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की दक्षता को बढ़ाने में मदद करना है। इस ऐप के माध्यम से कर्मचारी विभिन्न ऑनलाइन कोर्स, वेबिनार और अन्य लर्निंग सामग्री का लाभ उठा सकते हैं। ऐप में व्यक्तिगत विकास, नेतृत्व कौशल, तकनीकी ज्ञान और अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। कर्मचारी अपनी प्रगति को ट्रैक कर सकते हैं और प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं। 'आई गॉट कर्मयोगी' ऐप कर्मचारियों के पेशेवर विकास को बढ़ावा देने और उन्हें अधिक उत्पादक बनाने में मदद करता है।

# सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

सीसीएल के मानव संसाधन विभाग द्वारा सतर्कता विभाग एवं सिस्टम विभाग के सहयोग से 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' के श्रृंखला के सातवें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक तीन दिवसीय यह कार्यक्रम साइबर सुरक्षा पर था। इसमें सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों से आए हुए करीब तीस अधिकारी भाग ले कर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आज के परिवेश में व्यक्तिगत एवं अपने कार्य स्थल पर साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं साइबर आक्रमण से हमेशा सतर्क रहते हुए इससे बचने के उपायों पर चर्चा किया। श्री रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम में चर्चा में आने वाले विषयों का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम के अनुभव और अर्जित किए गए ज्ञान को अन्य लोगों के साथ साझा करने के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी प्रतिभागियों को उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। तकनीकी सत्र श्री सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (सिस्टम), सीसीएल द्वारा लिया गया और विषय वस्तु पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री विकास सिंह, वरीय प्रबंधक, मानव संसाधन विकास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिस्टम, मानव संसाधन विकास एवं सतर्कता विभाग के महाप्रबंधक स्तर के कई अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन 23 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा ।




सरइबर सुरक्षा पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित अन्य गणमान्यों के साथ प्रतिभागीगण



स्लोगन लेखन, निबंध, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र

इसी अभियान की कड़ी में डीपीएस, राँची एवं कस्तूरबा बालिका विद्यालय, काँके में स्लोगन लेखन, निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों स्कूल से कुल 200 छात्रों ने भाग लिया।

सतर्कता विभाग एवं गांधीनगर अस्पताल के अधिकारियों ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी एवं अपनी जीवन शैली में ईमानदार और सत्यनिष्ठ रहने की सलाह दी।

गौरतलब है कि सतर्कता विभाग, सीसीएल द्वारा 17 से 26 अक्टूबर तक राँची के भिन्न भिन्न स्कूलों में कई प्रतियोगिता कराई गई।

" अपनी ताकत पर भरोसा करो,
उधार की ताकत तुम्हारे लिए घातक है। "
– नेताजी सुभाष चंद्र बोस

# सतर्कता जागरूकता अभियान–24 के अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित

सतर्कता जागरूकता अभियान–24 के तहत 23 अक्टूबर 2024 को सीसीएल मुख्यालय स्थित डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने किया। अवसर विशेष पर बड़ी संख्या में मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे। शिविर में सीसीएल मुख्यालय के कर्मचारियों एवं अन्य ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने इस शिविर में रक्तदान भी किया। उल्लेखनीय है कि सीसीएल मुख्यालय के कर्मचारियों ने इस रक्तदान शिविर में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। इस शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

इस अवसर पर सीवीओ महोदय ने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम रूप बताया और सभी कर्मचारियों को उनकी सहभागिता के लिए सराहना की।

रक्तदान अभियान सीसीएल की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ज्ञात हो कि सतर्कता जागरूकता अभियान–24 के दौरान सीसीएल द्वारा अपने विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार




रक्तदान शिविर में रक्तदान करते निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा

# सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 24 अक्टूबर को सीसीएल द्वारा पीएम श्री विद्यालय, काँके में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल से कुल 125 छात्रों ने भाग लिया।

अभियान के तहत दिनांक 23 अक्टूबर को केंद्रीय विद्यालय, राजेंद्रनगर में स्लोगन लेखन, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका पुरस्कार वितरण 24 अक्टूबर को किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल से कुल 210 छात्रों ने भाग लिया।

सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में जानकारी दी एवं अपनी जीवन शैली में ईमानदार और सत्यनिष्ठ रहने की सलाह दी।




पीएम श्री विद्यालय, काँके में आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के पुरस्कृत छात्र–छात्राएँ

गौरतलब है कि सतर्कता विभाग, सीसीएल द्वारा 17 से 26 अक्टूबर तक राँची के भिन्न भिन्न स्कूलों में कई प्रतियोगिता कराई गई।

# सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु प्रतियोगिता का आयोजन

## जी एम एस, काँके एवं आदिवासी बाल विकास उच्च विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित

सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 24 अक्टूबर को जी एम एस, काँके एवं आदिवासी बाल विकास उच्च विद्यालय में स्लोगन लेखन, निबंध, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों स्कूल से कुल 117 छात्रों ने भाग लिया।

सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में जानकारी दी एवं अपनी जीवन शैली में ईमानदार और सत्यनिष्ठ रहने की सलाह दी।



प्रतियोगिताओं के पुरस्कृत छात्र–छात्राएँ

# विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत शिकायत निवारण शिविर आयोजित

विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत शिकायत निवारण शिविर का आयोजन आज दिनांक 26.10.2024 को केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर, सीसीएल, राँची में अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के लिए किया गया। केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर से कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं।


सभी शिकायतों में से अधिकांश क्वार्टर रख–रखाव, पीएफ एवं पेंशन दावों के निपटारे से संबंधित थीं, जबकि अन्य सेवा पुस्तिका से संबंधित मामलों थीं। अधिकांश मामलों का या तो समाधान कर दिया गया या सभी अभ्यर्थियों को उनकी शिकायतों का समयबद्ध एवं विशिष्ट समाधान सुनिश्चित किया गया, जो उन्हें दिए गए जवाब से संतुष्ट थे।




> “आज हमें
> ऊँच–नीच, अमीर–गरीब, जाति–पंथ
> के
> भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए।”
>
> – सरदार बल्लभभाई पटेल

# सोशल मीडिया में सीसीएल













(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, सीसी एंड पीआर विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (सीसी एंड पीआर), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, सहायक प्रबंधक, बिट्टु कुमार, सहायक प्रबंधक, सीसी एंड पीआर विभाग
CentralCoalfieldsLtd CCLRanchi centralcoalfieldsltd Central Coalfields Limited